
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 19.06.2023 से 25.06.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# हाई पॉवर परचेज कमेटी की बैठक

(दिनांक 19.06.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आज यहां हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) की बैठक में पंचकूला जिले के मोरनी क्षेत्र के किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हरियाणा सरकार ने मोरनी क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई की एक बड़ी परियोजना लगाने का निर्णय लिया है। लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से क्रियान्वित होने वाली इस परियोजना परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अलावा, बैठक में लगभग 87 करोड़ रुपये से अधिक की खरीद व कॉन्ट्रेक्ट को मंजूरी दी गई। बैठक में सिंचाई, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और मिकाडा के कुल 4 एजेंडा रखे गए थे और सभी एजेंडे को मंजूरी





दी गई। आज विभिन्न कंपनियों से नेगोशिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 1 करोड़ 41 लाख रुपये की बचत की गई है। उन्होंने कहा कि मोरनी खण्ड में टपरिया, कंडियावाला, कैंबवाला, खैरवाली परवाला और लश्करीवाला गांवों के लिए सौर ऊर्जा संचालित एकीकृत सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के क्रियान्वयन से न केवल सिंचाई की सुविधा मिलेगी बल्कि इस क्षेत्र में उत्पादन में भी बढ़ोतरी होगी। इस पायलट प्रोजेक्ट के सफल होने के बाद प्रदेश में अन्य स्थानों पर भी ऐसे प्रोजेक्ट लगाए जाएंगे। बैठक में गुरुग्राम जिला में गांव बास पदमका से सिवारी तक इंदौरी नदी का पुर्नउद्धार परियोजना को भी मंजूरी दी गई। इस पर लगभग 20 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा, सिंचाई विभाग की लगभग 10 करोड़ रुपये से अधिक की एक ओर परियोजना को मंजूरी दी गई। इसके तहत, लाखन माजरा लिंक ड्रेन पर वीआर पुलों का पुनरू निर्माण किया जाएगा। बैठक में आदमपुर में 2 इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन बनाने के साथ ही सीवरेज नेटवर्क सिस्टम स्थापित करने के प्रोजेक्ट को भी मंजूरी प्रदान की गई। इस पर लगभग साढ़े 34 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## भगवान परशुराम चौक का लोकार्पण

(दिनांक 20.06.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज सोनीपत में आईटीआई चौक के निकट रोहतक फ्लाईओवर के नीचे स्थापित किये गये भगवान परशुराम चौक का लोर्कापण करते हुए सोनीपत वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के हितों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार संत महात्माओं के नाम पर चौंक–चौराहों के नामकरण कर रही है ताकि लोग उनकी शिक्षाओं से प्रेरित हों।

उन्होंने कहा कि सोनीपत शहर को और अधिक सुंदर बनाने के लिए कई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं।



# सोनीपत में गौरवशाली भारत रैली कार्यक्रम

(दिनांक 20.06.2023)

**प्रभाव** : माननीय केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी ने आज सोनीपत में केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित गौरवशाली भारत रैली को सम्बोधित करते हुए कहा पिछले साढ़े आठ वर्षों में ईमानदारी से कार्य कर हरियाणा की तस्वीर बदलने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए हरियाणा केन्द्र सरकार से जो भी सहयोग मांगेगा, उनका मंत्रालय उसे पूरा करेगा। इस अवसर पर उन्होंने 890 करोड़ रुपये की दिल्ली से पानीपत





तक एनएच–44 पर 8 लेन के 11 फ्लाईओवर्स का लोकार्पण किया, जिसमें दोनों और 6 लेन की सर्विस रोड़ भी शामिल है।

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी ने माननीय मुख्यमंत्री द्वारा हरियाणा को रेलवे फाटक मुक्त बनाने के लिए आरओबी व आरयूबी के निर्माण हेतु सेतू भारतम योजना के तहत 300 करोड़ रुपये की रखी गई मांग को मौके पर ही मंजूरी प्रदान की। इसी प्रकार उन्होंने जींद के विधायक डॉ. कृष्ण मिड्ढा द्वारा जींद में नरवाना रोड से रोहतक रोड तक बाईपास व जींद से ईक्कस तक रिंग रोड के निर्माण की मांग को भी मंजूर करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि दिसम्बर 2024 तक उनका मंत्रालय हरियाणा में 100 प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहा है। जिनमें से 2200 किलोमीटर की 47,000 करोड़ रुपये की 51 परियोजनाएं पूरी हो चुकी है, 830 किलोमीटर की 35,000 करोड़ रुपये की 30 परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है तथा 756 किलोमीटर की

20,000 करोड़ रुपये की 19 परियोजना अन्य परियोजनाएं हैं जिनमें 14 परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री जी को विश्वास दिलवाया कि दिसम्बर, 2024 तक हरियाणा में 2 लाख करोड़ रुपये के परियोजनाओं पर कार्य होगा। इन परियोजनाओं से हरियाणा की तस्वीर बदलेगी और हरियाणा के सडक रास्ते अमेरिका के बराबर होंगे।

इस अवसर पर आयोजित गौरवशाली भारत रैली को संबोधित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय मंत्री जी का स्वागत करते हुए हरियाणा को सड़क परियोजनाओं की सौगात देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि आज केंद्रीय मंत्री नेशनल हाईवे पर दिल्ली से पानीपत तक 11 फ्लाईओवर का उद्घाटन करने के साथ साथ करनाल बाईपास तथा अंबाला शहर के लिए नए बाईपास का भी शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं की लागत लगभग 3700



करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी तक 17 नेशनल हाईवे बन चूके हैं और विशेष बात यह है कि हरियाणा शायद एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जिसके सब जिला केंद्र नेशनल हाईवे से जुड़ गए हैं। इसके अलावा भी भविष्य में कई प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार को 9 साल पूरे हो गए हैं। साढ़े 8 सालों से हरियाणा में भी डबल इंजन की सरकार ने विकास की नई इबादत लिखी है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार एक सिद्धांत पर कार्य करती है। हमारी सरकार थ्री–सी पर प्रहार करती है, जिसमें करप्शन, क्राइम और कास्ट से जुड़ी राजनीति पर हमने गहरी चोट की है। सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि 3–सी पर प्रहार करने के साथ ही प्रदेश सरकार ने 5–एस शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वाभिमान, सुरक्षा और स्वालंबन पर जोर दिया है। हरियाणा में परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पात्र नागरिकों को हर योजना का लाभ घर बैठे ही मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी ने भी गत दिवस कहा था कि पहले हरियाणा में थ्री–डी यानी दरबारी, दामाद और डीलरों की सरकार चलती थी और वर्तमान राज्य सरकार ने इस थ्री–डी को समाप्त किया और भय, भ्रष्टाचार मुक्त सरकार जनता को उपलब्ध करवाई है। सरकार ने अनेक ऐसी योजनाओं को लागू किया है, जिनका अनुसरण आज देश के दूसरे राज्य भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने 10 साल के कार्यकाल में लगभग 1250 करोड़ रुपये का मुआवजा किसानों को दिया। जबकि वर्तमान राज्य सरकार पिछले साढ़े 8 सालों में 11,000 करोड़ रुपये का मुआवजा दे चुकी है। उन्होंने कहा कि विवाह शगुन योजना में पिछली सरकार में 31,000 रुपये मिलते थे। जबकि आज हम 71 हजार रुपये तक की राशि दे रहे हैं। अनुसूचित जाति से संबंधित




लोगों को उनके घरों की मरम्मत के लिए पिछली सरकार में 25,000 रुपये की राशि मिलती थी, जबकि वर्तमान राज्य सरकार 80,000 रुपये दे रही है। इतना ही नहीं, पिछली सरकार में केवल 538 गांव में ही 24 घंटे बिजली मिलती थी, जबकि हमारी सरकार में 5737 गांवों में इस समय 24 घंटे बिजली मिलती है।

कांग्रेस के 10 साल के कार्यकाल में 86,000 नौकरियां दी गई। जबकि हमारी सरकार अभी तक 1 लाख 10 हजार नौकरियां दे चुकी है और 60,000 नौकरियां पाइप लाइन में हैं। इस प्रकार हमारी सरकार के 10 साल पूरे होने पर नौकरियों की संख्या 1,70,000 हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान क्षेत्र में कांग्रेस के कार्यकाल में 903 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। जबकि अभी तक हमारी सरकार 1683 करोड़ रुपये की राशि खर्च कर चुकी है। पिछली सरकार ने जीतने काम अधूरे छोड़े थे, वह सब हमने पूरे किए।

# करनाल में विभिन्न परियोजना का शिलान्यास और लोकार्पण

(दिनांक 20.06.2023)

**प्रभाव :** माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जी ने मंगलवार को 1690 करोड़ रुपये की करनाल ग्रीनफिल्ड 6 लेन रिंगरोड परियोजना के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम का आयोजन करनाल के कुटेल गांव में हुआ। इस दौरान हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है कि करीब 1700 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली 35 किलोमीटर लंबी रिंग रोड परियोजना का शिलान्यास किया जा रहा है। यह रोड करनाल के एनएच–44 पर शामगढ़ से शुरू होकर बड़ौता गांव तक होगी। इससे न केवल करनाल शहर की भीड़ कम होगी बल्कि वाहनों को चलाने की लागत भी कम होगी।





केंद्रीय मंत्री जी ने माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा को समृद्ध बनाने में माननीय मुख्यमंत्री जी का विशेष योगदान है। उनके नेतृत्व में हरियाणा बेहतर विकास कर रहा है। गरीब के कल्याण को लेकर माननीय प्रधानमंत्री निरंतर कार्य कर रहे हैं। 9 साल में माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में इतना कार्य हुआ है, जितना कांग्रेस के 60 साल में भी नहीं हुआ। सुशासन और विकास हमारा संकल्प है।

इस अबसर पर केंद्रीय सडक, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी ने सांय अम्बाला ग्रीनफील्ड 6 लेन रिंगरोड परियोजना का भी शिलान्यास किया और अम्बाला से साहा तक 4 लेन एनएच–444ए का लोकार्पण किया। इसकी कुल लम्बाई 38 किलोमीटर, कुल लागत 1255 करोड़ रूपए हैं।

इस मौके पर प्रदेश के एनएच पर 290 ब्लैक स्पोट तुरन्त सुधारने के आदेश सम्बधिंत अधिकारियों को दिए हैं और कहा कि इस कार्य पर जितनी भी राशि खर्च होगी वह उपलब्ध करवाने का काम किया जाएगा। इस दौरान उन्होनें प्रदेश में रेलवे अंडर ब्रिज और रेलवे उपरगामी मार्ग के लिए अतिरिक्त 300 करोड़ रूपए की राशि उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

(दिनांक 21.06.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पानीपत के शिवाजी स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में योग साधकों और विद्यार्थियों को सम्बोधित कर कहा है कि योग हमारे जीवन को तनावमुक्त करने का एक साधन है। राज्य में स्कूली पाठ्यक्रम में योग को शामिल किया गया है ताकि स्कूली जीवन से ही योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाएंगे तो सही मायने में हम स्वामी दयानन्द सरस्वती के सत्यार्थ प्रकाश में दिए गए वाक्य श्स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता हैश् को सही मायने में चरितार्थ कर सकते हैं। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत योगरू कर्मसु कौशलम् से प्रारम्भ की। उन्होंने कहा कि योग विधि बहुत से रोगों में औषधि का काम करती है इसलिए हमें नित्य



# साप्ताहिक सूचना पत्र




प्रति योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने योग को वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्ताव पारित करवाकर अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्रदान करवाई और इस वर्ष उन्होंने योग को विश्व के लिए ष्वसुधैव कुटुंबकम के लिए योगष् को शीर्ष वाक्य देकर जी–20 समूह  के देशों को भी मानव जीवन में योग के महत्व का संदेश दिया है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी से आह्वान किया कि योग को बढ़ावा देने के लिए सभी मिलजुलकर प्रयत्न करें। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सभी योग साधकों का ये दायित्व बनता है कि हम हर व्यक्ति तक पहुंचकर सभी को योग के प्रति प्रेरित करें ताकि हमारा हर घर आंगन योग का सपना साकार हो और हमारा प्रदेश और देश स्वस्थ हो। उन्होंने कहा कि योग मेरे जीवन का हिस्सा है।

मैं स्वयं रोज लगभग 45 मिनट योग और व्यायाम करता हूँ। योग करने से व्यक्ति की कार्य करने की क्षमता में वृद्धि होती है। इसलिए सभी को नित्य प्रति योग करने का क्रम अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग करने से व्यक्ति तनाव मुक्त हो जाता है और इससे शरीर स्वस्थ रहता है तथा जीवन में आनंद की अनुभूति होती है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र












# हरिहर' योजना कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 22.06.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज अपने निवास संत कबीर कुटीर में आयोजित कार्यक्रम में बेसहारा, बेघर या परित्यक्त व आत्मसमर्पित बच्चों का पालन–पोषण, मुफ्त शिक्षा व रोजगार के लिए आरम्भ की गई 'हरिहर' योजना से 11 बच्चों को सरकारी विभागों में नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे। इन बच्चों को स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य, शहरी स्थानीय निकाय, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, उपायुक्त कार्यालय कैथल में ग्रुप–सी व ग्रुप–डी के पदों पर नियुक्ति दी गई है। माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत करवाया गया कि हरियाणा देश का ऐसा पहला प्रदेश है जहां ऐसे बेसहारा बच्चों के लिए यह अनोखी योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा यह एक पुण्य का काम है। उन्होंने बताया कि इन 11 बच्चों में 9 लड़कियां व 2 लड़के हैं, जिसमें अदीति, प्रार्थना, माधवी, मधुलिका, नीलिमा, अनादी, सुधा, सरिता, दिव्या, कन्हैया, हिमांशु शामिल



# साप्ताहिक सूचना पत्र



है। राज्य सरकार को राज्य के बाल देखभाल संस्थानों से 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले परित्यक्त और आत्मसमर्पित बच्चों को शैक्षणिक, वित्तीय व रोजगार के लाभ प्रदान करने के लिए 'हरिहर' नीति अधिसूचित की गई।

नीति के तहत 5 वर्ष की आयु से पहले परित्यक्त व 1 वर्ष की आयु से पहले आत्मसमर्पित किए गए पात्र बच्चों लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। तकनीकी शिक्षा, कौशल, विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण सहित मुफ्त स्कूल और उच्च शिक्षा और 25 वर्ष की आयु तक या शादी तक देखभाल, पुनर्वास और वित्तीय सहायता, विकलांगता पेंशन के बराबर यानि 2500ध–रुपये प्रति माह) या शादी जो भी पहले हो आदि लाभ दिये जाते हैं।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ऐसे सभी बच्चें जो परिस्थितियोंवस अकेले है या अकेले रह गए है। उन सबके लिए वह स्वयं हर पल हर दम साथ है और सरकार के नाते से जो भी सहायता की जरूरत पड़ेगी उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण (एचपीपीए) की 5वीं अहम बैठक

(दिनांक 23.06.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज यहां हरियाणा परिवार पहचान पत्र प्राधिकरण (एचपीपीए) की 5वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि परिवार पहचान पत्र के तहत आय सत्यापन से संबंधित प्राप्त नागरिकों की शिकायतों का आगामी 2 माह में निपटारा कर दिया जाएगा। इसके लिए अतिरिक्त जिला उपायुक्तों (एडीसी) को ओवरराइडिंग पॉवर दी गई है कि वे दस्तावेजों के आधार पर आय को सत्यापित करके पीपीपी में दर्ज आय को अपडेट कर सकते हैं। उन्होंने अधिकारी को निर्देश दिये कि पीपीसी से संबंधित डाटा अपडेशन के लिए अतिरिक्त जिला उपायुक्त सहित संबंधित हितधारकों की एक संयुक्त ट्रेनिंग कराई जाए ताकि डाटा



अपडेशन का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। बैठक में बताया गया कि राज्य में अब तक 67 लाख से अधिक परिवार पीपीपी के साथ पंजीकृत हैं और सत्यापन, सुधार मॉड्यूल, शिकायत निवारण आदि की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए विभिन्न विकल्प बनाए गए हैं ताकि आवेदक को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि परिवार पहचान पत्र हरियाणा सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है और हरियाणा पहला प्रदेश है जिसने इस प्रकार की अनूठी पहल शुरू की है। इससे सरकार की 500 से अधिक योजनाओं व सेवाओं जैसे राशन कार्ड, पेंशन, चिरायु हरियाणा, ई–फर्द, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र इत्यादि का लाभ नागरिकों को उनके घर पर मिल रहा है।



# बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ अहम बैठक

(दिनांक 23.06.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने बिजली विभाग के अधिकारीयों की बैठक लेकर उन्हें कहा कि एक लाख रुपये वार्षिक आय वाले अंत्योदय परिवारों, जो डिफॉल्ट हो गए या जिन पर जुर्माना लगाया गया है या उनके बिजली के कनेक्शन कट गए हैं, ऐसे परिवारों पर किसी प्रकार का जुर्माना नहीं लगेगा, इसे माफ कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि डिफॉल्ट राशि चाहे कितनी भी हो, ऐसे उपभोक्ताओं को केवल एक साल के औसतन बिल से अधिक राशि का भुगतान नहीं करना होगा, चाहे 10 साल का ही पेंडिंग बिल क्यों न हों। 150 यूनिट प्रति माह की औसत से उपभोक्ताओं को अधिकतम 3600 रुपये का ही भुगतान करना होगा। इस राशि में से 25 प्रतिशत राशि का अग्रिम भुगतान करने पर उनका कनेक्शन दोबारा जोड़ दिया जाएगा।


उन्होंने कहा कि पानी व बिजली लोगों का मूलभूत अधिकार है। इसलिए



# साप्ताहिक सूचना पत्र

नागरिकों की सुविधा के लिए अनियमित कॉलोनियों, जिनमें पहले बिजली कनेक्शन नहीं दिए जाते थे, उनमें भी बिजली कनेक्शन देने का निर्णय लिया गया है। नागरिकों को केवल आवेदन करना होगा, इसके लिए उनसे कोई अन्य दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा और लगभग 1 माह में बिजली का कनेक्शन जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषि ट्यूबवेलों के लिए किसान स्वैच्छिक रूप से अपना लोड बढ़ाने की घोषणा करें, इसके लिए वर्ष 2018 में आरंभ की गई योजना को पुनः चलाया जाये। यदि कोई किसान आवश्यकतानुसार बड़ी मोटर लगाना चाहता है, तो उसे अब स्वैच्छिक लोड घोषित करना होगा, जिसके बाद लोड को बढ़ा दिया जाएगा। अब किसानों को लोड बढ़वाने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि किसानों को सूक्ष्म सिंचाई योजना अपनाने के लिए प्रेरित किया जाये। इसलिए किसान हित में



योजना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नए कनेक्शन जारी करने के लिए कॉल सेंटर या हेल्पलाइन नंबर की व्यवस्था की जानी चाहिए। जैसे ही उपभोक्ता कनेक्शन के लिए आवेदन करता है, उसके मोबाइल पर संदेश जाना चाहिए कि किस दिन उसे कनेक्शन व मीटर मिलेगा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए बिजली पंचायतों का आयोजन किया जाना चाहिए। बिजली बिलों में त्रुटियां व अन्य शिकायतों का समाधान भी किया जाना चाहिए।

# फरीदाबाद लोकसभा की गौरवशाली भारत रैली

(दिनांक 25.06.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने रविवार को पलवल जिला के गांव गजपुरी में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की गौरवशाली भारत रैली में घोषणा करते हुए कहा कि बल्लभगढ़ से पलवल की मेट्रो कनेक्टिविटी के लिए हरियाणा सरकार द्वारा स्वीकृति दी गई है, जिससे क्षेत्र की जनता को बेहतर यातायात सुविधा मुहैया होगी। रैली में पहुंचने पर रैली के संयोजक एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर जी ने माननीय मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथिगणों का अभिनंदन किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार विकास की दिशा में उल्लेखनीय कदम बढ़ा रही है। मेट्रो व नेशनल हाइवे जैसे बड़े प्रोजेक्ट केंद्र सरकार के सहयोग से हरियाणा में आ रहे हैं, जिसके लिए वे माननीय प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि पलवल और फरीदाबाद क्षेत्र में जितना विकास



हमारी सरकार के दौरान हुआ है उतना पहले कभी नहीं हुआ। अनेक बड़े राज्य मार्गों के आने से बेहतर कनेक्टिविटी की सुविधा मिली है। इसके साथ ही जेवर एयरपोर्ट के विकास से भी इस इलाके में और तेजी से औद्योगीकरण व अन्य विकास के कार्य होंगे। यह क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि मुम्बई एक्सप्रेस–वे भी इन जिलों से निकल रहा है, जिससे इस क्षेत्र का जुड़ाव देश



के अन्य इलाकों से होगा। परिवार पहचान पत्र को लागू करते हुए हरियाणा सरकार प्रदेश के हर व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर देने में सक्रिय भूमिका अदा कर रही है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का ध्येय अंत्योदय का उत्थान करना है। एक लाख से कम आय वाले परिवारों को अंत्योदय परिवार माना। वहीं एक लाख 80 हजार की सालाना आय वाले परिवारों को बीपीएल परिवार माना। ऐसे परिवारों को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर विशेष फोकस रखा है। उन्होंने दोहराया कि दो करोड़ 80 लाख हरियाणावासी उनका परिवार है और बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करना ही उनका मकसद है। रैली के संयोजक एवं केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर जी ने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री जी प्रधान सेवक के रूप में पिछले 9 साल से हर वर्ग के



उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। आज हर वर्ग को उचित सम्मान देने का काम मौजूदा सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि इन 9 सालों को गांव और गरीब के कल्याण के रूप में याद किया जा रहा है। इन 9 वर्षों में देश ने जो तरक्की की है, वह बेमिसाल है।

केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री जी की मांग पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने बडखल में अत्याधुनिक सुविधाओं से युञ्चत लघु सचिवालय की सौगात देने की घोषणा भी की। इसके अलावा माननीय मुख्यमंत्री जी ने शहर के विकास कार्यों के लिए कल तक नगर निगम के खाते में 100 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री ने भी माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र व फरीदाबाद शहर को जो तीन बड़ी सौगात दी हैं उनके लिए क्षेत्र की जनता की तरफ से वह उनका धन्यवाद करते हैं।

# फरीदाबाद जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक

(दिनांक 25.06.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी रविवार को फरीदाबाद के सेक्टर–12 एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए परिवादों की सुनवाई कर कहा कि मिलेनियम सिटी गुरुग्राम की तर्ज पर अब ओल्ड, न्यू तथा ग्रेटर फरीदाबाद को अंडर पास व यू–टर्न से जोड़ा जाएगा। इसके लिए हरियाणा सरकार बड़ी योजना बना रही है। इसके बाद ट्रैफिक जाम की समस्या खत्म हो जाएगी। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 15 परिवाद रखे गए जिनमें से 13 परिवादों का निपटान किया। शेष दो मामले अगली बैठक में



रखने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार, डबुआ कॉलोनी एनआईटी के विजय कुमार की शिकायत पर सुनवाई करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवादी का स्पेशल केस बनाकर एचएसवीपी बोर्ड के समक्ष रखकर इन्हें वैकल्पिक प्लाट दिया जाए और मुआवजा भी दिया जाए।

एक अन्य शिकायतकर्ता सत्येंद्र दुग्गल की सुनवाई करते हुए उन्होंने बताया कि बड़े शहरों में बहु–मंजिला भवनों में आपात स्थिति से निपटने के लिए सरकार 13 हाइड्रोलिक प्लेटफार्म मशीनें खरीदने जा रही हैं। जल्द ही इसका सारा प्रोसेस पूरा कर लिया जाएगा।

बल्लभगढ़ शहर से निकलने वाले गंदे नाले से जुड़े परिवाद की सुनवाई करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आकाश सिनेमा की दीवार तोड़ कर इस नाले




की तुरंत प्रभाव से सफाई कराई जाए। दिल्ली मुंबई वडोदरा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य के कारण सीवरेज लाइन में आई रुकावट दूर करने के लिए उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सहित संबंधित विभागों को 3 दिन में कार्रवाई करने के आदेश दिए। उन्होंने फरीदाबाद के सेक्टर 59 में फेज 2 इंडस्ट्री एरिया में जल्द से जल्द सीवरेज कनेक्शन करने के भी निर्देश दिए।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## एचवीपीएनएल अधिकारियों के साथ अहम बैठक

(दिनांक 25.06.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज रविवार को फरीदाबाद स्थित हुडा कन्वेंशन सेंटर में हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर कहा कि सरकार के सामने भूस्वामियों के हित सर्वोपरि हैं और ऐसे भू स्वामियों जिनकी जमीनों से बिजली लाइनें डाली जा रही हैं, उनके हितों की रक्षा के लिए पॉलिसी बनाकर नियमानुसार मुआवजा प्रदान किया जाए ताकि सभी भू मालिक संतुष्ट हो सकें। बैठक में बिजली निगमों के चेयरमैन, श्री पी.के. दास वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन जुड़े और माननीय मुख्यमंत्री जी को बिजली परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया।

हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद शाइन ने इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी को निगम की विभिन्न निर्माणाधीन परियोजना की विस्तार से जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि पृथला स्थित 400 केवी सबस्टेशन से सेक्टर–78 स्थित सब–स्टेशन तक हाई स्पीड बिजली सप्लाई से जुड़ी लाइन के लिए नई बिजली लाइन डालने का कार्य जारी है। तिगांव और दयालपुर गांव के किसान मुआवजा राशि बढ़ाने के लिए मांग कर रहे हैं।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए पॉलिसी बनाए, जिससे किसानों का भला हो सके। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी ना हों, इसके लिए सभी भू मालिकों के लिए पॉलिसी बनाकर नियमानुसार उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। अगर किसी प्रकार की कोई विभागीय तकनीकी समस्या है तो उसका समय रहते निराकरण किया जाए ताकि इस परियोजना को शीघ्रता से पूरा किया जा सके।